रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) 29-1-1992 को लगभग 2215 बजे जब गाड़ी नं० 1343 डाउन ग्वालियर आगरा फास्ट पैसेंजर द्वारा आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं० 2 पर पहुंची तो इसके पहले दर्जे के सारी डिब्बा सं० 3041 में आग दिखाई दी । ड्यूटी पर तैनात स्टेशन कर्मचारी अग्नि शमन उपकरणों के साथ तत्काल आग बूझाने के लिये पहुंचे आगरा शहर की दमकल गाड़ी 2250 बजे दुर्घटना स्थल पर पहुंची और 30-1-1992 को 0030 बजे आग पूरी तरह से बूझा दी गई । आग लगने की इस दुर्घटना के कारण किसी की मृत्यू नहीं हुई अथवा किसी भी व्यक्ति को चोटें नहीं आई थीं । 7.5 लाख रुपये की रेल संपत्ति की क्षति का अनुमान लगाया गया है । आग लगने के कारण के बारे में संदेह है कि सवारी डिब्बे के भीतर ज्वलनशील तरल पदार्थ फेंका गया था और किसी ने उसमें आग लगा दी थी ।

यात्री गाड़ियों का रद्द किया जाना

341. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलों में माल ढुलाई को प्राथमिकता देने के विचार से कुछेक पैसेंजर गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस तरह किन-किन रेल गाड़ियों को रद्द किया गया है है;

(ग) क्या सरकार ने रेल गाड़ियों को रद्द किये जाने के कारण इनमें यात्रा करने वाले यात्रियों को होने वाली असुविधा का कोई अनुमान लगाया है; और

(घ) यदि हां तो सरकार द्वारा यात्रियों के आवागमन में सहायता करने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां ।

(ख) एक विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) इन गाड़ियों को अस्थायी तौर पर रद्द किया गया है और अप्रैल, 1992 के दौरान इन्हें फिर से चला दिया जायेगा, यह अवधि यात्री यातायात के लिये मंदी का होने, वैकल्पिक गाड़ियां उपलब्ध होने और कुछ गाड़ियों में और अधिक डिब्बे लगाये जाने की वजह से यात्री जनता को अधिक असुविधा नहीं हुई ।

विवरण

क्रम सं०	गाड़ी	
1	4265/4266	देहरादून-वाराणसी एक्सप्रैस
2	3049/3050	आज़ा–अमृतसर खंड पर हावड़ा–अमृतसर एक्सप्रैस
3	4309/4310	उज्जैन/देहरादून उज्जैन एक्सप्रैस (सप्ताह में दो बार)
4	5651/5652	गुवाहाटी–जम्मू तवी लोहित एक्सप्रैस (साप्ताहिक)
5	6179/6180	मद्रास–तिरुनेलवेली जनता एक्सप्रैस

क्रम सं०	गाड़ी	
6	547/548	मऊ–भटनी खंड पर गोरखपुर–मऊ पैसेंजर
7	25/26	धुबरी–गुवाहाटी पैसेंजर
8	9809/9810	भावनगर–अहमदाबाद शेत्रुंजी एक्सप्रेस
9	5717/5718	कटिहार–रंगापाड़ा नार्थ द्वार एक्सप्रेस
10	47/48	ओखा वीरमगाम खंड पर ओखा वड़ोदरा पैसेंजर
11	6365/6366	तिरूच्चिरापल्ली-कोचिन एक्सप्रेस
12	7489/7490	वाराणसी–कोचिन एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
13	7491/7492	वाराणसी तिरूपति एक्सप्रेस (सप्ताह में दो बार)
14	6017/6018	जम्मू तवी-कन्याकुमारी हिमसागर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
15	6093/6094	लखनऊ–मद्रास एक्सप्रेस (सप्ताह में दो बार)
16	589/590	ईरोड-तिरूच्चिरापल्ली पैसेंजर
17	2403/2404	कानपुर–वाराणसी श्रमिक एक्सप्रेस
18	3039/3040	हवड़ा–मुगलसराय खंड पर हवड़ा-दिल्ली जनता एक्सप्रेस
19	6687/6688	जम्मू–तवी मंगलौर नवयुग एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
20	4017/4018	इलाहाबाद–अंबाला ऊंचाहार एक्सप्रेस
21	3025/3026	हवड़ा–मुजफरपुर नार्थ बिहार एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
22	5049/5050	हवड़ा–गोरखपुर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
23	8689/8690	मद्रास–अलेप्पी खंड पर बोकारो स्टील सिटी–अलेप्पी एक्सप्रेस
24	2181/2182	हवड़ा–आगरा कैंट चम्बल एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
25	4083/4084	दिल्ली–कटिहार महानंदा एक्सप्रेस

कर्णाटक और तमिलनाडु में बंद के कारण रेलगाड़ियों पर पड़ा प्रभाव

342. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कावेरी नदी के जल के बटवारे संबंधी विवाद पर कर्णाटक और तमिलनाडु में हुए बंद के परिणामस्वरूप रेल सेवाएं किस सीमा तक प्रभावित हुई थीं ; और

(ख) इसके परिणामस्वरूप हुई हानि का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) कर्णाटक में 13-12-1991 को और तमिलनाडु में 2-1-1992 को बंद के दौरान 277 यात्री गाड़ियां पूर्ण रूप से और 34 यात्री गाड़ियां आंशिक रूप से रद्द की गई थीं ;

(ख) लगभग 30 लाख रुपए।

बिना टिकट यात्रा करना

343. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष के दौरान बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल के वाणिज्य विभाग ने कितनी बार मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराई तथा उनमें कितने व्यक्ति पकड़े गए और उनसे कितनी धनराशि वसूल की गई ;